भारत सरकार

खान मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1244

दिनांक 31.07.2023 को उत्तर देने के लिए

जम्मू-कश्मीर में लिथियम की खोज

1244. श्रीमती फूलो देवी नेतम:
श्री दिग्विजय सिंह:
श्री प्रमोद तिवारी:
श्रीमती रंजीत रंजन:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या सरकार ने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के जी3 स्तर के सर्वेक्षणों के आधार पर जम्मू और कश्मीर में लिथियम भंडार की उपस्थिति की पुष्टि की है;
(ख) क्या खोजे गए लिथियम भंडार मानव निवास वाले क्षेत्रों में स्थित हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या भारत के पास लिथियम उत्खनन की तकनीक है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या सरकार के पास इसे हासिल करने के लिए कोई ठोस रणनीति है;(घ) क्या सरकार ने दिसंबर, 2023 तक जम्मू-कश्मीर में खोजे गए लिथियम भंडार की नीलामी करने की योजना बनाई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) विगत वर्ष कर्नाटक के मांड्या जिले में खोजे गए 1600 टन लिथियम के अन्वेषण और उत्खनन में क्या प्रगति हुई है?

<u>उत्तर</u>
<u>खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री</u>
<u>(श्री प्रल्हाद जोशी)</u>

(क): जी, हाँ। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कार्य सत्र 2020-21 और 2021-22 के दौरान जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के सलाल-हैमना क्षेत्रों में बॉक्साइट, दुर्लभ मृदा तत्वों और लिथियम पर एक 'प्रारंभिक गवेषण' अर्थात जी-3 चरण खनिज गवेषण परियोजना कार्यान्वित की है और 5.9 मिलियन टन लिथियम अयस्क के अनुमानित संसाधन (जी 3) की पुष्टि की है।

(ख): जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के सलाल-हैमना के खनिजयुक्त ब्लॉक में अलग अलग जगहों पर घर हैं।

(ग़): लिथियम अयस्क के प्रसंस्करण और शोधन के तरीके, लिथियम निक्षेप के प्रकार, अयस्क की विशेषताओं और लिथियम यौगिकों के इच्छित अंतिम उपयोग के आधार पर भिन्न हो सकते हैं। भारत लिथियम अयस्क को लिथियम खनिज सांद्र में सज्जीकरण करने

के लिए प्रौद्योगिकियाँ विकसित करने में सक्षम है। प्रयोगशाला पैमाने पर खनिज सांद्रण से लिथियम निकालने का सफल प्रयोग किया गया है।

(घ): आज की तारीख के अनुसार जम्मू और कश्मीर में लिथियम खनिज ब्लॉक की नीलामी के संबंध में निर्णय जम्मू और कश्मीर सरकार द्वारा लिया जाएगा।

(ङ): परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालयने कर्नाटक के मांड्या जिले के मार्लागल्ला क्षेत्र में 1600 टन (अनुमानित श्रेणी) लिथियम संसाधन सिद्ध कियाहै। यह एक प्रारंभिक अनुमान है और तब से, एएमडीईआर से प्राप्त अन्वेषण सूचनाओं पर प्रारंभिक अनुमान को दोहन योग्य श्रेणी और उच्च श्रेणी के विश्वास में परिवर्तित करने और आसपास के विस्तार क्षेत्रों में लिथियम संसाधन को संवर्धित करने पर ध्यान दिया गया है। अति शुद्ध लिथियम कार्बोनेट का उत्पादन करने के लिए क्षेत्र से स्पोड्यूमिन खनिज सांद्र से लिथियम के जल-धातुकर्म निष्कर्षण पर बेंच स्केल अध्ययन पूरा किया गया है।

*****